
# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# ग्रीस मे फिर आया जोरदार भूकंप : 6.1 तीव्रता के झटकों से डोली धरती, लोगों मे दहशत।


Publisher

Published on 22 May 2025

**एथेसं,22 मई 2025**: **ग्रीस मे एंक बार फिर भूकंप के तेज झटकों** से धरती कांप उठी। यह भूकंप **कासोस द्वीप** के पास स्थानीय समय अनुसार **रात 1:51 बजे** आया, जिसकी **तीव्रता 6.1 मापी** गई। **यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (USGS**) के अनुसार, इस भूकंप के झटके **क्रीट, रोड्स,** और आसपास के तटीय इलाकों में महसूस किए गए।

### लोग घरों से बाहर निकले, डर का माहौल

भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कई इलाकों में कुछ सेकंड तक कंपन महसूस किया गया। अभी तक किसी बड़ी जनहानि या नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### सुनामी का खतरा, EMSC कर रहा आकलन

भूकंप के बाद सुनामी की आशंका जताई गई है। **यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेटंर (EMSC)** और अन्य एजेंसियां **सुनामी खतरे** का आकलन कर रही हैं। पिछले हफ्ते भी **13-14 मई** की रात को आए **6.1 तीव्रता के भूकंप** के बाद दक्षिणी तटों पर चेतावनी जारी की गई थी।

### 14 मई को भी आया था बड़ा भूकंप

महज एक हफ्ते पहले **14 मई 2025 को ग्रीस** के क्रीट द्वीप पर **6.3 तीव्रता** का जोरदार भूकंप आया था। **जर्मन रिसर्च सेटंर फॉर जियोसाइंसेज (GFZ)** के अनुसार, यह भूकंप तड़के महसूस किया गया था और इसका केंद्र भी समुद्र के भीतर था। हालांकि तब किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली थी।

### चीन मे भी आया भूकंप

सिर्फ ग्रीस ही नहीं, **16 मई** को **चीन मे भी 4.5 तीव्रता का भूकंप** दर्ज किया गया। यह भूकंप **भारतीय समयानुसार सुबह 6:29 बजे** आया। इसकी गहराई 10 किलोमीटर बताई गई और लोकेशन **अक्षांश 25.05°N** और **देशांतर 99.72°E** पर थी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.